# ग्रामीण क्षेत्रों में बंद का व्यापक असर, शहरी इलाकों में दिखा कम प्रभाव



जमशेदपुर के करनडीह चौक में प्रदर्शन करते बंद समर्थक.



आदित्यपुर के आकाशवाणी चौक पर प्रदर्शन करते बंद समर्थक.



बंद के दौरान मुसाबनी बाजार की सभी दुकानें बंद रहीं. यहां बंद का व्यापक असर देखा गया.

## जमशेदपुर में बंद समर्थकों ने सड़क पर उतर कर बंद कराईं दुकानें, टायर जला किया विरोध

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

भीम सेना व दलित समाज की ओर से बुधवार को आहूत भारत बंद मिश्रित रहा. ग्रामीण एवं आदिवासी बहुल क्षेत्रों में बंद असरदार रहा. बंद समर्थक सड़कों पर उतरकर वाहन एवं दुकानें बंद कराते दिखे. सड़कों पर टायर जलाकर मार्ग अवरूद्ध किया तथा नारेबाजी की. हालांकि शहरी क्षेत्र में कुछ क्षेत्रों में दुकानें खुली रहीं एवं वाहन परिचालन सामान्य दिनों की तरह रहा. कदमा, सोनारी, मरीन ड्राइव रोड में बंद समर्थकों ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया. जमशेदपुर में बंद का ज्यादा असर करनडीह सुंदरनगर, परसुडीह में दिखा. झामुमो एवं अन्य दलों का समर्थन मिलने से ग्रामीण क्षेत्र में बंद असरदार रहा.

बंद समर्थकों ने करनडीह चौक जाम कर दिया. साथ ही टायर जलाकर विरोध जताया. इस दौरान बंद समर्थक घूम-घूमकर दुकानें बंद कराते दिखे. इस दौरान करनडीह एवं खासमहल में स्थित पेट्रोल पंप को भी बंद करा दिया गया. मौके पर पुलिस मौजूद रही. लेकिन किसी तरह का विरोध नहीं हुआ. टाटा-हाता रोड में



कदमा बाजार में बंद पड़ी दुकानें.

फंसी कुछ गाड़ियों ने मार्ग बदलकर आना-जाना किया. दोपहर बाद इक्का-दुक्का वाहन सड़कों पर चलते दिखे. ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से एससी-एसटी आरक्षण को लेकर हालिया आए फैसले से दलित समाज एवं भीम सेना नाराज है. उक्त समाज अदालत के फैसले का विरोध कर रहा है.

**डिमना चौक पर बंद समर्थकों ने किया रोड जाम**

भारत बंद के दौरान झामुमो एवं दलित समाज के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को डिमना चौक जाम कर दिया. इस दौरान टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया. जिसके कारण मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई. हालांकि पुलिस मौजूद रही. जिसके कारण किसी तरह की अनहोनी अथवा तोड़फोड़ की सूचना नहीं है. लेकिन बंद समर्थकों की नारेबाजी के कारण अधिकतर दुकानें बंद रही. वहीं कुछ समर्थकों ने मानगो पुल को भी जाम करने की कोशिश की. लेकिन पुलिस की तत्परता से जाम हट गया.

**कांग्रेस-राजद कार्यकर्ता उतरे सड़क पर**

भारत बंद के दौरान कई क्षेत्रों में कांग्रेस एवं राजद के कार्यकर्ता भी सड़कों पर उतरकर बंद कराते दिखे. करनडीह में कांग्रेस के जिला महासचिव भरत सिंह, आशीष ठाकुर की अगुवाई में समर्थक बंद कराते दिखे. वहीं राजद के ललन यादव ने समर्थकों के साथ दुकानदारों से बंद का समर्थन करने की अपील की.

**स्टेशन-बिष्टुपुर क्षेत्र में नहीं दिखा असर**

भारत बंद का टाटानगर स्टेशन, जुगसलाई, बिष्टुपुर आदि क्षेत्रों में कोई असर देखने को नहीं मिला. बंद को देखते हुए चौक-चौराहों पर पुलिस तैनात दिखी. इन क्षेत्रों में सामान्य दिनों की तरह दुकानें खुली रही. सिटी बसें व ऑटो सड़कों पर चलते रहे. वहीं आम लोग अपने दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों से आना-जाना करते रहे.

## आदित्यपुर में आकाशवाणी चौक पर किया धरना प्रदर्शन

**संवाददाता | आदित्यपुर**

एससी-एसटी के आरक्षण में क्रीमी लेयर को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले के विरोध में बुधवार को एससी-एसटी ओबीसी समन्वय समिति के बंद समर्थकों ने आकाशवाणी चौक पर धरना प्रदर्शन कर रैली की. इस दौरान आवश्यक सेवाओं को बंद से अलग रखा गया. इस दौरान सड़क जाम की और दुकानों को बंद कराया. इस कार्यक्रम में राजद और कांग्रेस के नेताओं ने भी सहभागिता निभाई.

बंद समर्थकों में राजद के प्रदेश महासचिव पुरेन्द्र नारायण सिंह, राजद नेत्री शारदा देवी, पूर्व डीएसपी अखिल झारखंड दुसाध महासभा के अध्यक्ष सरयू पासवान, राजद के प्रदेश महासचिव वीरेंद्र यादव, रामाशीष राम, प्रदेश सचिव राजेश यादव, प्रदेश सचिव देव प्रकाश देवता, कांग्रेस के प्रदेश सचिव सुरेश धारी, प्रभात पार्क विकास समिति के अध्यक्ष बरामचंद्र पासवान, यदुनंदन राम, आर के अनिल, आरपी राही, पांडी मुखी, भरत राम, अर्जुन भगत, खिरोद सरदार, प्रदीप मुखी आदि शामिल थे.

भारत बंद का आदित्यपुर में सुबह-सुबह मिला-जुला असर दिखा. बंद समर्थकों ने अहले सुबह टोल ब्रिज जाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं. बता दें कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में वर्गीकरण को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए सुझाव के विरोध में बुधवार को एससी एसटी संगठनों ने भारत बंद बुलाया है. इसको लेकर आज आदित्यपुर में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति और झामुमो के सदस्यों ने केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर टोल ब्रिज के समक्ष जोरदार प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया.

इस दौरान मार्ग पर वाहनों का परिचालन ठप रहा. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से संबंधित संगठनों के इस बंद को जेबीकेएसएस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने समर्थन दिया है. इन संगठनों ने आवश्यक सेवाओं को छोड़कर बाकी सारे काम काज को बंद रखने का आह्वान किया है. बंद समर्थक नेताओं ने कहा कि आरक्षण में वर्गीकरण करके अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों में फूट डालने की कोशिश की जा रही है. इसका हम सब विरोध कर रहे हैं.

## घाटशिला अनुमंडल में बंद का मिला-जुला असर, ठप रहा यात्री वाहनों का परिचालन

**संवाददाता | घाटशिला/ डुमरिया / बहरागोड़ा / जादूगोड़ा**

विभिन्न आदिवासी मूलवासी संगठनों द्वारा भारत बंद के आह्वान का घाटशिला अनुमंडल क्षेत्र में मिला-जुला असर देखने को मिला. बंद के दौरान बुधवार को घाटशिला की सभी दुकान बंद रहीं जबकि कुछ देर के लिए बंद समर्थकों ने एनएच 18 फोरलेन पर वाहनों का आवागमन ठप कर दिया. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मधुसूदन दे ने मौके पर पहुंचकर बंद समर्थकों को हटाया, इसके बाद एनएच पर वाहनों का आवागमन शुरू हो गया. घाटशिला से मुसाबनी, बहरागोड़ा व जमशेदपुर जाने वाली यात्री बसें पूरी तरह बंद रहीं. गैर सरकारी संस्थान को छोड़कर सभी सरकारी संस्थान पूरी तरह खुले रहे. इक्का-दुक्का स्कूल कॉलेज को छोड़कर बाकी सब बंद रहा. बंद समर्थकों को में मुख्य रूप से भीम आर्मी, माझी परगना महाल, कांग्रेस पार्टी एवं विभिन्न आदिवासी संगठन के लोग शामिल थे. बंद के दौरान सरकारी कार्यालय में अन्य दिनों की तुलना लोगों की आमद काफी कम थी जबकि घाटशिला व्यवहार न्यायालय में फरियादियों की काफी भीड़ देखने को मिली.

**डुमरिया प्रखंड** में आदिवासी संगठनों द्वारा आहूत बंद बेअसर रहा. डुमरिया बाजार सामान्य दिनों की तरह खुला. बैंक की शाखा में भी सामान्य कामकाज दिनों की तरह लेन-देन किया गया. प्रखंड में आदिवासी संगठनों का कोई सदस्य नजर नही आया. झामुमो के कार्यकर्ता भी कहीं नहीं दिखे. यात्री वाहन नहीं चले, यात्री भी घरों से नहीं निकले. डुमरिया से सटे मुसाबनी प्रखंड में बंदी का व्यापक असर रहा. आवश्यक सेवाओं को छोड़कर पूरा बाजार बंद रहा. मुसाबनी झामुमो कार्यकर्ता भी बंदी को लेकर सक्रिय रहे.

**बहरागोड़ा प्रखंड** क्षेत्र के एनएच 18 तथा एनएच 49 के संगम स्थल पर झामुमो कार्यकर्ताओं व माझी परगना महाल के लोगों ने सड़क अवरोध कर अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में नारेबाजी की. वहीं मौके पर बहरागोड़ा थाना प्रभारी विकास कुमार तथा बरसोल थाना प्रभारी चंदन कुमार यादव अपने दल बल के साथ मुस्तैद रहे. बहरागोड़ा के अंचल अधिकारी भोला शंकर महतो व दोनों थाना प्रभारियों ने मिलकर बंद समर्थकों के साथ वार्ता करके सड़क को जाम से मुक्त कराया. उधर आम दिन के भांति बाजार खुल रहा लेकिन खरीदारी करने वाले लोगों में भारी कमी देखी गई. समर्थकों में झामुमो केंद्रीय सदस्य आदित्य प्रधान, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा, प्रोफेसर श्याम मुर्मू, गुरुचरण मांडी, रासबिहारी साउ, सुमित माइति आदि उपस्थित थे.

**जादूगोड़ा की** सड़कों पर सुबह 10 बजे झामुमो कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे. कार्यकर्ताओं ने झामुमो जिला उपाध्यक्ष बाघराय मार्डी की अगुवाई में मोटरसाइकिल पर जादूगोड़ा, राखा कॉपर की मुख्य सड़क पर घूम-घूम कर दुकानों को बंद कराया. बाघराय मार्डी ने कहा कि एससी-एसटी आरक्षण में छेड़छाड़ के खिलाफ वह लोग सड़कों पर उतरे हैं. इस बीच बंद को देखते हुए थाना प्रभारी अभिषेक कुमार व हाइवे पेट्रोलिंग सड़क पर सुबह साढ़े छह बजे से चौकस रही. जादूगोड़ा पुलिस की चौकसी की वजह से बंद समर्थकों ने शांतिपूर्ण ढंग से दुकानों बंद कराया. क्षेत्र में बंद का मिलाजुला असर देखने को मिला.

### ब्रीफ खबरें

**बिहार के कैबिनेट मंत्री डॉ अशोक चौधरी का स्वागत**

**आदित्यपुर।** जमशेदपुर में माइकल जान ऑडिटोरियम में श्रावणी मिलन समारोह में शामिल होने के लिए बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉक्टर अशोक चौधरी बुधवार को टाटानगर स्टेशन पहुंचे. स्टेशन पर मंत्री डॉक्टर अशोक चौधरी का कोल्हान जदयू ने बाजे गाजे के साथ स्वागत किया. मौके पर सरायकेला-खरसावां जिला अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार, पश्चिमी सिंहभूम जिलाध्यक्ष विश्राम मुंडा, जमशेदपुर जिला अध्यक्ष विश्राम प्रसाद, झारखंड प्रदेश सचिव अंजलि सिंह, जमशेदपुर जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, जिला सचिव संजय यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे.

**भ्रामक राजनीति कर रहे कुछ लोग : अभय झा**

**आदित्यपुर ।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा किए गए एससी-एसटी आरक्षण कोटे में क्रीमी लेयर संशोधन पर कुछ लोग भ्रामक राजनीति कर रहे हैं. यह बात युवा जनशक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय झा ने कही. उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट पर कुछ लोग निजी स्वार्थवश भ्रामक प्रचार-प्रसार कर भारत बंद का आयोजन किए हैं. इसका युवा जनशक्ति मोर्चा पुरजोर विरोध करता है. सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के चार न्यायाधीशों ने क्रीमी लेयर की जो व्याख्या की है उसका मतलब उस वर्ग से है जो आर्थिक और सामाजिक रूप से प्रगति कर चुके हैं. इस श्रेणी के लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए.

**भाकपा (एम) का एसडीएम ऑफिस पर प्रदर्शन आज**

**किरीबुरु ।** महंगाई-बेरोजगारी के खिलाफ **जमशेदपुर ।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की ओर से 22 अगस्त को धालभूम एसडीएम के कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा. जिला सचिव जेपी सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार की जनविरोधी केंद्रीय बजट, महंगाई, बेरोजगारी और स्थानीय जनमुद्दों पर अगस्त माह में राज्यव्यापी जनसंपर्क अभियान जलाया गया. पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी इस मामले में सरकार एवं प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने के लिए प्रदर्शन का निर्णय लिया है. प्रदर्शन साकची आम बगान से प्रारंभ होकर एसडीएम कार्यालय तक जाएगा. उसके बाद एक मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा जाएगा.

## जमशेदपुर पूर्वी से कांग्रेस के दो नेताओं ने टिकट के लिए ठोका दावा

### पोटका से जयराम हांसदा ने मांगा टिकट, सौंपा उम्मीदवारी पत्र



उम्मीदवारी का आवेदन पत्र सौंपते कांग्रेस नेता.

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस की ओर से जिले की सभी छह विधानसभा से उम्मीदवारों की सूची मांगे जाने के बाद नेताओं ने टिकट की दावेदारी तेज कर दी है. बुधवार को जमशेदपुर पूर्वी तथा पोटका विधानसभा क्षेत्र से तीन नेताओं ने अपनी उम्मीदवारी का पत्र (बायोडाटा सहित) जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे को सौंपा.

48-जमशेदपुर पूर्वी विधान सभा क्षेत्र से आवेदन पत्र जमा करने वाले नेताओं में कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश सचिव इंदुभुषण यादव एवं प्रदेश सचिव प्रिंस सिंह ने उम्मीदवारी का आवेदन पत्र जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे को सौंपा. वहीं 46-पोटका विधान सभा क्षेत्र से जिला सचिव जयराम हांसदा ने कार्यालय प्रभारी संजय सिंह आजाद को आवेदन पत्र सौंपा. संजय सिंह आजाद ने बताया कि अगामी 23 अगस्त तक चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं से आवेदन पत्र जमा लिया जाएगा. जिसे जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे अपनी अनुशंसा के बाद प्रदेश अध्यक्ष को सौंपेंगे. ज्ञातव्य हो कि जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के संभावित उम्मीदवार के तौर पर डॉ. अजय कुमार जन संपर्क अभियान शुरू कर चुके हैं. वहीं जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे भी वहां से टिकट के प्रबल दावेदार हैं.

## हैमर थ्रो में जमशेदपुर के संजीव ने पदक की ओर बढ़ाए कदम

**वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप**

**जमशेदपुर ।** स्वीडन के गोथनवर्ग शहर में आयोजित 25 वें वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 50 प्लस आयु वर्ग में शहर के हैमर थ्रोवर संजीव कुमार तोमर ने अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए हैमर को 51.53 मीटर छेपित कर वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप में पदक की दिशा में पहला पड़ाव तय किया.

उन्होंने आठ फाइनलिस्ट में अपनी जगह पक्की की. इससे पहले फिलिपींस में आयोजित चैंपियनशिप में उन्होंने 51.03 मी के रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता था.

संजीव कुमार तोमर के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष विजय सिंह, अंतरराष्ट्रीय पूर्व एथलीट गुरदेव सिंह, अंतरराष्ट्रीय साइकिलिस्ट एवं मास्टर एथलीट अवतार सिंह, साबू जोसफ, एल एम महंता, प्रदीप मुखर्जी, अनूप नाग, हरदीप कौर, आनंद महतो, डॉ विजय मोहन सिंह, विलियम पॉलसन, मिथिलेश कुमार, के पी सिंह, सुबोल चटर्जी, मानिक लाल चटर्जी, पूर्वी सिंधु मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव श्याम कुमार शर्मा समेत खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी.

## फुलडूंगरी से झांटीझरना सड़क निर्माण का नहीं हुआ शिलान्यास

### भारत बंद के कारण सांसद ने कार्यक्रम स्थगित किया



कार्यक्रम स्थल पर सूना पड़ा पंडाल.

**संवाददाता | घाटशिला**

पथ निर्माण विभाग की ओर से फुलडूंगरी से झांटीझरना तक सड़क निर्माण 2 वर्षों से अधर में अटका हुआ था. उसका भूमि पूजन तथा शिलान्यास बुधवार को सांसद बिद्युत बरण महतो तथा विधायक रामदास सोरेन द्वारा डैम के पास किया जाना था. शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया था. स्टेज सजा कुर्सियां लगीं साथ ही साथ चेगजोड़ा से आगे की सबसे खतरनाक सड़क पर मिट्टी और राख डालकर बराबर भी किया गया. जिससे उधर के राहगीर, मुसाफिर तथा शिक्षक गण बहुत उत्साहित थे. परंतु भारत बंद को देखते हुए सांसद बिद्युत बरण महतो ने अपना कार्यक्रम स्थगित कर दिया. जिससे वह इलाका सुनसान पड़ा रह गया. झांटीझरना स्कूल से लौट रहे शिक्षक डा. कमर अली जब शाम चार बजे गुजर रहे थे तो वहां तीन कर्मचारी कुर्सियां समेट रहे थे.

अपना सामान वापस अब गाड़ी पर लाद रहे थे साथ ही साथ बेचारे भूख से बिलख रहे थे . उन तीनों ने बताया कि हम लोगों ने सुबह से इतनी तैयारी कर रखी थी लेकिन कोई नहीं आया. इस कारण हम लोगों को कुछ खाने को भी नहीं मिला और हम लोग भूखे प्यासे यहां बैठे हुए हैं. यहां पर कोई होटल भी नहीं है जहां कुछ खाने को मिल सके. अब इस कार्यक्रम को कब फिर किया जाएगा यह बात वह लोग जानते भी नहीं.

### न्यूज अपडेट

**राइजिंग सन इंग्लिश स्कूल में मना 'ग्रीन डे सेलिब्रेशन'**



**जमशेदपुर ।** बच्चों को ग्रीन डे का महत्त्व बताने के उद्देश्य से बुधवार को राइजिंग सन इंग्लिश स्कूल केबुल बस्ती ने अपने सभागार में 'ग्रीन डे सेलिब्रेशन' का आयोजन किया. कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका सारा मसीह और मुस्कान कुमारी ने किया. जबकि स्वागत संबोधन प्रधानाध्यापिका लुबना नूर खान ने किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष, विद्यालय समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार और महासचिव परमानंद कौशल उपस्थित थे. छोटे बच्चों ने हरा ड्रेस पहन कर सबसे पहले रैंप वॉक किया और हरियाली का संदेश दिया.

**फुलपाल गांव में भाजपा जिला मंत्री गीता मुर्मू ने की बैठक**



**घाटशिला ।** भाजपा जिला मंत्री गीता मुर्मू ने बुधवार को घाटशिला प्रखंड के फुलपाल गांव में विधान सभा चुनाव को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक की. गीता मुर्मू ने ग्रामीणों को बताया कि केंद्र सरकार की बहुत सारी योजना पर हेमंत सरकार ने धरातल पर काम ही नहीं किया. इसके कारण ग्रामीणों को केंद्र सरकार की योजना का लाभ नहीं मिल पया है. इस बार विधानसभा चुनाव में सभी विधानसभा के ग्रामीण एवं शहरी लोगों ने भी मन बना लिया है कि भाजपा के सरकार सुनिश्चित बनेगी और विकास की पहिया हर गांव शहर में दौड़ेगा. इस मौके पर सीमा करवा, डोली करवा साथ ही काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

**बहरागोड़ा में भाजपा नेत्रियों ने निकाली न्याय यात्रा**



**बहरागोड़ा ।** बुधवार को बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के ओम कृष्ण होटल परिसर से ऋषि षाड़ंगी के नेतृत्व में भाजपा नेत्रियों ने न्याय यात्रा निकाली. इसमें महिलाओं ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता के आरजे मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर की हत्या के विरोध में उचित न्याय की मांग की. इसमें महिलाओं के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल हुए. रैली में शामिल लोग बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बंद करने, डॉक्टर के हत्यारे को फांसी देने, बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश से अविलंब बाहर निकालने तथा महिलाओं को सम्मान देने के नारे लगाये. रैली पूरे बाजार क्षेत्र का परिभ्रमण करते हुए होटल परिसर में समाप्त हुई.


**फोरलेन पर जल जमाव से वाहन चालक परेशान**



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के एनएच 18 पर कूलिंग प्वाइंट तथा ओम कृष्णा होटल के समीप जल जमाव होने से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं वाहन चालकों का कहना है कि टोल टैक्स देने के बावजूद एनएचएआई द्वारा सड़क पर से पानी निकासी नहीं की जाती है. इस कारण हल्की बारिश में भी सड़क पर जल जमाव हो जाता हैस, जिससे छोटे वाहनों से लेकर बड़े वाहनों तक को सड़क पर चलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. साथ ही जल जमाव से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है.

**राजनीति** युवा आक्रोश रैली को लेकर भाजपा गोलमुरी मंडल ने चलाया जन जागरुकता अभियान

## सरकार की वादाखिलाफी का घर-घर वितरित किया पंपलेट



जन संपर्क अभियान चलाते भाजपाई.

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**


भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से 23 अगस्त को रांची में आयोजित आक्रोश रैली को लेकर बुधवार को गोलमुरी मंडल की ओर से जन जागरूकता अभियान चलाया गया. मंडल के नव मनोनीत अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय के नेतृत्व में कैलाशनगर के सभी घरों में लोगो के बीच युवा आक्रोश रैली से संबंधित पंपलेट का किया गया वितरण, कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार और प्रदेश कार्य समिति सदस्य मिथिलेश सिंह यादव उपस्थित थे. दिनेश कुमार ने कहा की 2019 के विधानसभा चुनाव के समय हेमंत सोरेन ने युवा और महिलाओं से वादा किया था की उनकी सरकार बनेगी तो प्रत्येक वर्ष 5 लाख युवाओं को रोजगार देंगे, साथ ही बेरोजगार युवाओं को प्रत्येक माह 5 हजार बेरोजगारी भत्ता देंगे, पीजी पास युवाओं को 7 हजार बेरोजगारी भत्ता देंगे, महिलाओं को 2500 रुपया चूल्हा चौका खर्चा देंगे, अनुबंधित कर्मियों को स्थाई करेंगे और भी कई वादे इन्होंने जनता से किया था. लेकिन एक भी वादा पूर्ण नहीं किए और आज फिर से जनता को लोक लुभावने वादे की झांसे में फंसाने का कार्य कर रहे हैं.

भारतीय जानत युवा मोर्चा इन सब मुद्दो को लेकर हेमंत सरकार के खिलाफ 23 अगस्त को रांची के सड़को पर एक लाख युवाओं के साथ प्रदर्शन करने वाली है. इस प्रदर्शन में जमशेदपुर से भी बड़ी संख्या में भागदारी होगी तो हम सभी अपने क्षेत्र से निकल कर रांची चलें और अपने आने वाले भविष्य के निर्माण में सहायक बने.

जन जागरूकता अभियान में प्रोबीर चटर्जी राणा, नवजोत सोहेल, अभिमन्यु सिंह, विनोद झा, श्रीनु राव, सुरेंद्र सिंह शिंदे, राकेश गिरी, पप्पू कुमार, कैप्टन सिंह, रंजित कुमार सिंह, दीपक सिंह, भोला क्षत्रिय, दिनेश शर्मा, अमरेंद्र कुमार, पीयूष कुमार, शेखर पांडे आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

**सत्ता परिवर्तन का कील ठोकने रांची में 23 को जुटेंगे झारखंड के युवा : डॉ.गोस्वामी**

**संवाददाता | घाटशिला**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से घाटशिला स्थित जिला कार्यालय में बुधवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई. प्रेस वार्ता में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने लगभग पिछले 5 वर्षों के दौरान मेधा सम्मान को काफी अपमानित किया है. इसका उदाहरण है कि जेपीएससी की परीक्षा के लिए घंटी आधारित शिक्षकों से प्रश्नपत्र बनवाया गया था. इसके अलावा उन्होंने पिछले 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान युवाओं से वादा किया था कि एक वर्ष में 5 लाख युवाओं को रोजगार देंगे. मैट्रिक पास युवकों को 5000 रुपए बेरोजगारी भत्ता एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को कई अन्य प्रलोभन देकर सत्ता पर आसीन हुए हैं. इसके विरोध में आक्रोश रैली 23 अगस्त को है. उस दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास का घेराव करने के लिए रांची में युवा तथा महिलाएं पहुंच रहे हैं. युवाओं को जिस प्रकार से ठगा गया है उसका जवाब मांगने के लिए महिलाएं युवा तथा भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता रांची में जुट रहे हैं. इस आक्रोश रैली के माध्यम से सत्ता परिवर्तन की कील ठोकने का काम किया जाएगा. इसके अलावा हेमंत सोरेन सरकार की विफलताओं पर डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने जानकारी दी. प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष चंडी चरण साव, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश, गीता मुर्मू कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | जमशेदपुर, गुरुवार 22 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 134 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




# जमशेदपुर से लापता ट्रेनी विमान की खोज में आज से जुटेगी नौसेना

## चांडिल डैम में दिनभर लगी रही एनडीआरएफ की टीम, नहीं मिला कोई सुराग

- सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन के आग्रह पर रक्षा राज्यमंत्री ने की पहल

**संवाददाता | जमशेदपुर/चांडिल**

जमशेदपुर (सोनारी) एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद लापता हुए अल्केमिस्ट एविएशन के एयरक्राफ्ट की खोज में भारतीय नौसेना भी सहयोग करेगी. इसका आदेश रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दिया. रक्षा राज्य मंत्री को सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन ने पत्र भेजकर नौसेना (नेवी) के सहयोग का आग्रह किया था. जिला प्रशासन के आग्रह पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने सकारात्मक पहल करते हुए, अधिकारियों को तुरंत मदद को कहा. इसके बाद नौसेना ने सक्रियता दिखाई.

बुधवार की रात विशेष विमान से नौसेना के 15 लोगों की टीम, 4 हाइड्रोसेलर्स मशीन व अन्य आवश्यक उपकरणों के साथ विशाखापट्टनम से रांची पहुंचेगी. रांची से फिर यह टीम चांडिल डैम के लिए रवाना होगी. 22 अगस्त सुबह से नौसेना की पूरी टीम चांडिल डैम में उक्त एयरक्राफ्ट की खोज शुरू करेगी. विदित हो कि 20 अगस्त को जमशेदपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही देर के बाद एक ट्रेनी एयरक्राफ्ट लापता हो गया. एयरक्राफ्ट में पायलट (इंस्ट्रक्टर) व ट्रेनी पायलट सवार थे.

स्थानीय स्तर पर काफी खोजबीन के बाद उसकी जानकारी नहीं मिल पाई है. ऐसी आशंका जताई जा रही है कि विमान चांडिल डैम में ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई है. दूसरी तरफ जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से मंगलवार सुबह 10.30 बजे उड़ान भरने के 50 मिनट बाद लापता हुए अल्केमिस्ट एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के एयरक्राफ्ट की खोज करने बुधवार को पहुंची एनडीआरएफ की टीम को सफलता नहीं मिली. विमान में सवार पायलट जीत शत्रु और ट्रेनी पायलट सुब्रतो दीप का कोई पता नहीं चल पाया है. हालांकि एनडीआरएफ की टीम को तलाशी के दौरान ट्रेनी पायलट सुब्रतो दीप का जूता मिला है. एयरक्राफ्ट के चांडिल डैम में गिरने की स्थानीय लोग पुष्टि कर रहे हैं. मंगलवार की शाम से ही डैम और आसपास के क्षेत्रों में इसकी तलाश जारी थी. स्थानीय लोगों ने कोयलागढ़, प्रतापपुर स्थित शिव मंदिर के आसपास विमान के गिरने की बात कही थी. बुधवार की सुबह रांची से चांडिल डैम पहुंची 16 सदस्यीय एनडीआरएफ की टीम ने डैम के अंदर लापता विमान और पायलटों की तलाश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली. बुधवार को सुबह लगभग 10 बजे चांडिल डैम के अंदर घुसी एनडीआरएफ की टीम तीन घंटे बाद खाली हाथ वापस लौट आई. उसके साथ स्थानीय तैराकों की टीम भी बाहर निकल आई है. इस दौरान प्रत्यक्षदर्शियों के बताए स्थान पर लापता विमान खोजबीन की गई. भोजन करने के बाद टीम दोबारा डैम के अंदर विमान और पायलट की तलाश करने घुसी. उनके साथ चांडिल डैम के वोट संचालकों की टीम भी देशी तकनीक के साथ डैम में प्रवेश किया. शाम करीब साढ़े चार बजे सभी वापस लौट आए. डैम से बाहर निकालने के बाद टीम लीडर सूरज कुमार ने बताया कि टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की है. उन्होंने कहा अगर विमान और पायलट यहां गिरे हैं तो निश्चित तौर पर टीम के सदस्य उन्हें खोज कर बाहर निकलेंगे.

चांडिल डैम में विमान गिरने की सूचना पाकर बड़ी संख्या में लोग बुधवार को चांडिल डैम पहुंचे और इसकी जानकारी ली. डैम में ईचागढ़ के विधायक सविता महतो के अलावा चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार रजवाड़, अल्केमिस्ट एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत जिले के कई पदाधिकारी और कर्मी के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे. उल्लेखनीय है कि मंगलवार से ही विमान के कभी पटमदा तो कभी दलमा जंगल में गिरने का कयास लगाया जा रहा था.



डैम में लापता विमान की तलाश करती एनडीआरएफ की टीम.



चांडिल डैम में पहुंचे लापता पायलटों के स्वजन एवं साथी.

### डैम के पानी में मिले जूते और तेल के कुछ अंश

चांडिल की अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी ने बताया कि पुलिस-प्रशासन की टीम घटना पर नजर रखे हुई है. उन्होंने बताया कि डैम के अंदर पानी में घुसी एनडीआरएफ की टीम को पानी के ऊपर तेल का कुछ अंश और जूता मिला है. जहां-जहां तेल का अंश मिला टीम के सदस्य उन स्थानों में लापता विमान और पायलटों की तलाश किए. दोनों पायलटों के मोबाइल लोकेशन की भी जांच की जा रही है. डैम के आसपास के गांवों में लोगों को इसकी जानकारी देकर पूछताछ भी की जा रही है. बुधवार सुबह को ही प्रशासनिक पदाधिकारी चांडिल डैम पहुंचे. इसके बाद एनडीआरएफ की टीम पहुंची और लापता विमान की तलाश शुरू की.

### स्थानीय लोगों ने देखा था विमान को डैम में गिरते

चांडिल के पियालडीह निवासी प्रत्यक्षदर्शी तपन मांझी और रुसु मांझी दोनों डैम में अलग अलग स्थान पर स्नान कर रहे थे. इस दौरान दोनों ने डैम के ऊपर एक विमान को उड़ते देखा. दोनों ने बताया कि डैम के पानी के ऊपर विमान नीचे उतरा. इसके बाद विमान दोबारा ऊपर उठा और इसके बाद सीधे डैम के पानी में गिर गया. चांडिल बांध विस्थापित मत्स्यजीवी स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड चांडिल के सचिव श्यामल मार्डी ने बताया कि डैम के निकट डीमुडीह के रहने वाले लखन हेम्ब्रम समेत कुछ महिलाओं ने भी विमान को गिरते हुए देखने की बात कही है. वहीं आंडा गांव के लोगों ने भी हवाई जहाज को गिरते देखने की बात कही है.

### ट्रेनी पायलट की मां का रो-रो कर बुरा हाल

सुबह लगभग 11 बजे ट्रेनी पायलट के माता-पिता और स्वजन चांडिल डैम पहुंचे. चांडिल डैम परिसर में उनकी मां का रो-रो कर बुरा हाल था. वे अपने संतान के वियोग में विलाप कर रही थी. इसके बाद सोनारी एयरपोर्ट के अधिकारी, पायलट और ट्रेनी पायलट के परिजन व साथी भी चांडिल डैम पहुंचे थे.

# चुर्गी गांव की नाबालिग लड़की को भगाने वाले युवक ने की है सात शादियां

## छह पत्नियों को छोड़ चुका है, पुलिस ने संग्राम को लौटने का दिया आदेश

**शैलेश सिंह | किरीबुरु**

छोटानागरा थाना अन्तर्गत चुर्गी गांव निवासी नाबालिग युवती (14 वर्ष) को शादी की नीयत अथवा मानव तस्करी के उद्देश्य से 14 अगस्त को लेकर कुम्बिया गांव निवासी संग्राम चेरोवा भाग गया है. वह अब तक 7 शादियां कर चुका है. वह वर्तमान में चुर्गी गांव की नाबालिग युवती को लेकर बेंगलुरु चला गया है. कुम्बिया के ग्रामीण सूत्रों ने बताया की लगातार न्यूज में खबर आने के बाद छोटानागरा थाना प्रभारी संग्राम चेरोवा के मोबाइल पर सम्पर्क किया था. संग्राम ने बताया कि वह बेंगलुरु में है तथा उसके साथ नाबालिग युवती भी है. पुलिस ने उसे अविलंब युवती को लेकर छोटानागरा थाना आने का आदेश जारी किया है. हालांकि संग्राम काफी शातिर है, वह वापस आता है या नहीं कहा नहीं जा सकता है.

ग्रामीण सूत्रों के अनुसार संग्राम शुरू से ही गलत प्रवृत्ति का रहा है. वह काफी कम उम्र से ही अब तक सात शादियां कर चुका है. इसमें से छह लड़कियों को शादी करने के कुछ दिन बाद मौज मस्ती कर छोड़ चुका है. उसके द्वारा छोड़ी गई छह पत्नियों में से कुछ को एक-एक बच्चा भी हुआ था.

संग्राम की दूसरी पत्नी कुम्बिया गांव में रहती है. उसकी एक बेटी उस उम्र की है, जिस उम्र की वह चुर्गी गांव निवासी नाबालिग युवती को लेकर फरार हुआ है. अगर वह इस युवती को शादी की नीयत से लेकर फरार हुआ होगा तो यह उसकी आठवीं शादी होगी. यह मामला तो पुलिस जांच के बाद ही पता चलेगा कि नाबालिग को किस उद्देश्य से उसके माता-पिता की बिना सहमति से संग्राम लेकर फरार हुआ है. ग्रामीणों ने बताया कि संग्राम ने इससे पहले कुम्बिया, चाईबासा, हिनुआ के अलावे ओडिशा से कुल सात युवतियों से शादी कर चुका है. ओडिशा की एक युवती बतौर पत्नी के रुप में अभी उसके कुम्बिया स्थित घर पर है. बाकी को वह छोड़ चुका है.

चुर्गी गांव निवासी नाबालिग युवती के पिता ने बताया कि उनकी बेटी मनोहरपुर स्थित संत नरसिंह बालिका उच्च विद्यालय में पढ़ती थी. स्कूल से मिला टीसी के अनुसार उसकी उम्र लगभग 14 वर्ष है. स्कूल में नामांकन भी आधार कार्ड के अनुसार ही होता है, लेकिन बेटी का आधार कार्ड एक मिला है, जिसमें उसका उम्र 20 वर्ष दिखा रहा है जो गलत है. संभावना है कि एक बड़ी साजिश के तहत बेटी का आधार कार्ड में दर्ज उम्र को बदलवाया गया होगा या बडी.साजिश किया गया है, क्योंकि इससे बड़ी बेटी की उम्र अभी 17 वर्ष है तो छोटी बेटी की उम्र 20 वर्ष कैसे हो सकती है.

## मारपीट व हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**आदित्यपुर** | आदित्यपुर बस्ती निवासी 21 वर्षीय सदानंद बारीक के साथ रविवार को बस्ती के पांच युवकों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया था, जिसकी मौत इलाज के क्रम में हो गई थी. आदित्यपुर थाना में मृतक युवक सदानंद बारीक की मां मंजू बारीक ने आरोपी युवकों के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई थी. आज उन आरोपियों में से दो आरोपियों रवि महतो और छोटू महतो को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों को पुलिस तलाश रही है. बता दें कि युवक की मौत के बाद बस्तीवासियों ने सोमवार की देर रात शव के साथ थाने पर प्रदर्शन किया था. यह जानकारी आज बुधवार को प्रेसवार्ता में थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह ने दी.

## परसुडीह में चोरी की सात बाइक के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**



गिरफ्तार आरोपी.

परसुडीह थाना की पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया. उनकी निशानदेही पर पुलिस ने अलग-अलग जगहों से चोरी की सात मोटरसाइकिल बरामद की. गिरफ्तार युवकों ने चोरी की बात स्वीकार की. सभी को न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया. गिरफ्तार आरोपियों में सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र का रहने वाला सद्दाम हुसैन, मो. रहमत, तस्लीम और दो नाबालिग हैं. थाना प्रभारी मो. फैज ने बताया कि सभी मोटरसाइकिल चुराने के बाद पांच से सात हजार रुपये में ग्रामीण क्षेत्र में बेच देते थे. उन्होंने कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सोपोडेरा गांधी मैदान में दो युवक चोरी की बाइक के साथ घूम रहे हैं. एक पुलिस टीम गठित की गई. टीम गांधी मैदान पहुंची जहां बिना नंबर की बाइक के साथ दो युवकों को देखा गया जो पुलिस को देखकर भागने लगे. दोनों को खदेड़कर पकड़ा गया. इसके बाद गिरोह के बाकी तीन सदस्यों को उनकी निशानदेही पर गिरफ्तार किया गया. तीनों के पास से बिना नंबर प्लेट की तीन मोरसाइकिल बरामद की गई.

## पैदमपुर गांव में धारदार हथियार से सिर पर वार कर एक व्यक्ति की हत्या

- टोकलो थाना प्रभारी बता रहे दुर्घटना का मामला

**संवाददाता | चक्रधरपुर**

पश्चिमी सिंहभूम जिला के टोकलो थाना क्षेत्र के होयोहातु पंचायत स्थित पैदमपुर गांव में एक युवक की धारदार हथियार से सिर पर वार कर हत्या कर दी गई. घटना मंगलवार देर रात की है. इधर इस मामले को लेकर टोकलो थाना प्रभारी परमेश्वर उरांव से पूछे जाने पर बताया कि युवक की हत्या नहीं हुई बल्कि यह दुर्घटना का मामला लग रहा है. जांच के बाद ही पूरा मामला सामने आ पायेगा.

बताया जाता है कि पैदमपुर गांव निवासी जोटो गुंडूवा के 25 वर्षीय पुत्र माली गुंडूवा मंगलवार रात गांव की सड़क पर खड़ा होकर मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था. इसी बीच एक बोलेरो गाड़ी में कुछ लोग वहां पहुंचे और माली गुंडूवा को अपने साथ गाड़ी में बैठाकर ले गये. वहीं गांव से कुछ दूरी पर एक धारदार हथियार से उसकी कनपट्टी व सिर पर वारकर हत्या कर फरार हो गये. जब ग्रामीण घटनास्थल पहुंचे तो माली गुंडूवा को मृत पाया. ग्रामीणों ने इसकी जानकारी तत्काल टोकलो थाना को दी, लेकिन रात में पुलिस गांव नहीं पहुंची. वहीं बुधवार सुबह पुलिस गांव पहुंची और शव को बरामद कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई.

स्थानीय लोगों के अनुसार उस क्षेत्र में आए दिन हत्या जैसी घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस अपराधियों को पकड़ने में विफल है. कुछ दिनों पहले 10 अगस्त की शाम टोकलो थाना क्षेत्र के सुरबुड़ा पंचायत के सोरजमडीह गांव में एक व्यक्ति की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी. पुलिस इस मामले का भी अब तक उद्भेदन नहीं कर पायी है.

## मंगल कालिंदी निजी खर्च से करवा रहे शिव मंदिर का निर्माण

**जमशेदपुर** | जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत के आमझोर गांव में विधायक मंगल कालिंदी निजी खर्च (वेतन के रुपये) से शिव मंदिर का निर्माण करवा रहे हैं. बुधवार को दौरे के क्रम में निर्माणाधीन शिव मंदिर का निरीक्षण करने विधायक आमझोर गांव पहुंचे और ग्रामीणों से आवश्यक चर्चा की. विधायक मंगल कालिंदी ने बताया कि आमझोर शिव मंदिर के 9 मौजा के ग्रामीण तीन पीढ़ी से यहां भगवान शिव की पूजा करते आ रहे हैं. लेकिन मंदिर का निर्माण कर नहीं पा रहे थे. पिछले वर्ष ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में एक बैठक की थी. जिसमें विधायक को आमंत्रित किया गया था. बैठक में नौ मौजा के ग्रामीणों ने हमसे शिव मंदिर निर्माण करवा देने की मांग की थी. उन्होंने ग्रामीणों को अपने वेतन के रुपये से मंदिर निर्माण करवा देने का आश्वासन दिया था.

## जांच समिति ने सौंपी रिपोर्ट, नहीं रद्द होगा सूर्य मंदिर समिति का निबंधन

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर समिति का निबंधन रद्द करने के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट उप निबंधन महानिरीक्षक श्वेता कुमारी को सौंप दिया है. वहीं श्वेता कुमारी ने उक्त जांच रिपोर्ट को निबंधक महानिरीक्षक को सौंपते हुए इसकी सूचना शिकायतकर्ता विधायक सरयू राय एवं सूर्य मंदिर कमिटी के सचिव भूपेंद्र सिंह को भेज दी है.

जांच समिति में धालभूम अनुमंडल के भूमि सुधार उप समाहर्ता गौतम कुमार, सहायक निबंधन महानिरीक्षक-1 राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग अंतोष कुमार तथा निबंधन कार्यालयों के निरीक्षक सुजीत कुमार शामिल थे. जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में प्रथम दृष्टया निबंधन रद्द करने की शिकायत को उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर नकार दिया है.

तीन सदस्यीय जांच समिति ने कहा कि वर्णित तथ्यों के आधार पर समिति को ऐसा परिलक्षित नहीं हुआ कि निबंधित सूर्य मन्दिर समिति संस्था निबंधन अधिनियम एवं संस्था निबंधन नियमावली के नियमों का उल्लंघन करते हुए अपने संस्था के उद्देश्यों के विरूद्ध कार्य कर रही है.

इसलिए संस्था निबंधन अधिनियम, 1860 की धारा-23 के अन्तर्गत निबंधित संस्था का निबंधन रद्द करने जैसा मामला प्रथम दृष्टया दृष्टिगोचर नहीं होता है. दूसरी ओर निबंधन रद्द नहीं होने की जानकारी मिलने के बाद सूर्य मंदिर समिति ने खुशी जाहिर की. ज्ञातव्य हो कि वर्ष 2022 में सूर्य मंदिर परिसर में परिसंपतियों के इस्तेमाल एवं विधायक सरयू राय द्वारा वहां शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित करने के दौरान दौरान हंगामा एवं मारपीट हुआ था. जिसके बाद जिला प्रशासन को दखल देना पड़ा.

## भाजयुमो ने निकाला मशाल जुलूस, रांची में रैली आज

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**




हेमंत सरकार के युवा विरोधी नीतियों, वादाखिलाफी, ध्वस्त कानून व्यवस्था और व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ बुधवार को महानगर भाजयुमो जिलाध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला. जुलूस में पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए. जुलूस साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर साकची शहीद चौक तक गया.

इस दौरान सभी हाथों में मशाल लेकर हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते चल रहे थे. इस अवसर पर भाजपा जमशेदपुर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से कई बड़े वादे किए. जिनमें हर घर से एक व्यक्ति को नौकरी, साल में 5 लाख नौकरियां, बेरोजगारी भत्ता, अनुबंध व थर्ड पार्टी नौकरियों को समाप्त कर स्थायी नौकरियां के साथ महिलाओं, किसानों और बुजुर्गों से कई वादे शामिल थे. लेकिन, सरकार बनते ही हेमंत सरकार ने अपनी प्राथमिकता पूरी तरह से बदल ली. सरकार ने बड़ी परीक्षाओं में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हुए लाखों परिश्रमी छात्राओं के भविष्य को बर्बाद कर उनके सपनों की सौदबाजी की.

उन्होंने कहा कि अब इस सरकार को और मौका नही दिया जा सकता है. उन्होंने बताया कि 23 अगस्त को रांची में प्रस्तावित युवा आक्रोश रैली के निमित्त जमशेदपुर महानगर की तैयारी अंतिम चरण में है. यह रैली ऐतिहासिक होगी. कई बार सरकार को आगाह करने के बाद हेमंत सोरेन सरकार ने युवाओं को अपने हक और अधिकार के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर कर दिया है. युवाओं की यह लड़ाई इस बार निर्णायक होगी. वहीं, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि युवा आक्रोश रैली को लेकर जमशेदपुर के युवाओं में खासा उत्साह है.

### ब्रीफ खबर

## जेएफसी के फुटसल दिवस में 172 नन्हें खिलाड़ी शामिल

**जमशेदपुर** | जमशेदपुर एफसी ने टाटा फुटबॉल एकेडमी (टीएफए) ग्राउंड पर पहली बार फुटसल दिवस मनाया. कार्यक्रम में लोयोला, जेपीएस और कार्मेल स्कूल के 172 बच्चे शामिल हुए. सभी को मिलाकर 20 टीमें बनाई गई. इसमें अंडर-5 और अंडर-7 श्रेणियों के बच्चों ने फुटसल गतिविधियों में भाग लिया. अंडर-9, 11 और 13 श्रेणियों के खिलाड़ियों ने फुटसल मैचों में जमकर प्रतिस्पर्धा की.

फुटसल एसोसिएशन फुटबॉल का एक प्रकार है, जो एक टीम में पांच खिलाड़ियों के साथ एक छोटे से मैदान पर खेला जाता है. भारत में फुटसल को बढ़ावा देने के लिए जमशेदपुर एफसी ने पहली बार फुटसल दिवस मनाया. इसका उद्देश्य युवा फुटबॉल सितारों में खेल की समझ को बढ़ावा देने के लिए मंच प्रदान करना है.

**दाव-पेंच** जमशेदपुर के इन्द्रा नगर और कल्याण नगर के 150 मकान तोड़े जाने की नोटिस का मामला

# एनजीटी में कल होगी सुनवाई, अधिवक्ताओं को भेजा गया वकालतनामा

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

स्वर्णरेखा नदी के किनारे बने मकानों को टूटने से बचाने के लिए गठित इन्द्रानगर, कल्याणनगर बस्ती बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने बुधवार को एनजीटी के अधिवक्ता मानसी बचानी, ईशा कृष्ण, डॉ. बीपी नीलरत्न, सौमित्र जायसवाल, शुभम उपाध्याय, गीतांजलि सान्याल और सूर्या गुप्ता को अधिकृत किया गया है. उक्त सभी को उन्होंने बस्ती बचाओ संघर्ष समिति की ओर से वकालतनामा भेजा. गौरतलब है कि विगत दिनों दिल्ली प्रवास के दौरान जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने सीनियर एडवोकेट संजय उपाध्याय से 150 मकानों को तोड़ने के आलोक में मुलाकात की थी. संजय उपाध्याय ने बस्तीवासियों का केस लड़ने के लिए वकालतनामा मांगा था. उसी आलोक में अधिवक्ताओं को वकालतनामा भेजा गया. एनजीटी में इस केस पर सुनवाई 23 अगस्त को होनी है. दूसरी ओर संघर्ष समिति के अध्यक्ष समेत कई लोगों ने बुधवार को विधायक सरयू राय से उनके कार्यालय में भेंट की.

बता दें कि भुइयांडीह स्थित कल्याण नगर, इंदिरा नगर एवं छाया नगर सहित आस-पास के करीब 150 से अधिक घरों को तोड़े जाने के लिए अंचल कार्यालय द्वारा जेपीएलइ की नोटिस दी गयी थी. छह जुलाई को जारी नोटिस में सभी को निर्देश दिया गया है कि वे 14 दिनों के अंदर अपने घरों को खाली कर दें. नोटिस में यह भी कहा गया कि 20 जुलाई तक वे जवाब दें कि क्यों नहीं उनके घरों को तोड़ा जाये. नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशानुसार जल संसाधन विभाग, मानगो नगर निगम, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति और जिला प्रशासन का एक संयुक्त सर्वेक्षण हुआ था, जिसके बाद 150 घरों को चिह्नित कर उन्हें नोटिस दी गयी थी. विधायक सरयू राय ने बीते दिनों कहा था कि वे किसी का घर नहीं टूटने देंगे.



विधायक सरयू राय से मुलाकात करते बस्तीवासी.

### अधिकारियों ने की हाई लेबल मीटिंग

कल्याणनगर व इंद्रानगर में अतिक्रमण हटाने से जुड़े मामले की एनजीटी में सुनवाई को लेकर अधिकारियों ने हाई लेबल बैठक की. जमशेदपुर अंचलाधिकारी मनोज कुमार के कार्यालय में मानगो अंचलाधिकारी समेत जेएनएसी, मानगो नगर निगम के अधिकारियों ने बैठक की. बस्तीवासियों को भेज गए दूसरे नोटिस की मंगलवार को सुनवाई होनी थी. लेकिन बैठक के कारण सुनवाई नहीं हो सकी. हालांकि दर्जनभर से ज्यादा बस्तीवासी मंगलवार को अपराह्न 3 बजे जमशेदपुर अंचल कार्यालय पहुंचे थे.

### डॉ. अजय ने भुईंयाडीह के लोगों से की मुलाकात अधिवक्ता संदीप बनर्जी एनजीटी में रखेंगे पक्ष



**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

भुईंयाडीह के कल्याण नगर,राधिका नगर और छायानगर सहित स्वर्णरेखा नदी तट के किनारे बसे 150 परिवार के लोगों से बुधवार को पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने मुलाकात कर उन्हें इस मामले में किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी साथ ही भरोसा दिलाया कि एक भी घर टुटने नहीं दिया जाएगा.मौके पर उन्होंने कहा कि यह अब केवल आपकी लड़ाई नहीं रह गई हम इसको अंजाम तक पहुंचा कर ही दम लेंगे. आप निश्चिंत रहिए की इंडिया गठबंधन की सरकार के रहते एक भी घर टुटने नहीं दिया जाएगा. डॉ. अजय ने लोगों को बताया कि रांची हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है. वहीं 23 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता संदीप बनर्जी एनजीटी(नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल) में भुईंयाडीह के लोगों का पक्ष रखेंगे. इसका पूरा खर्च वो स्वंय(डॉ. अजय) वहन करेंगे.

## अर्जुन मुंडा बने रावण दहन समिति के मुख्य संरक्षक

**जमशेदपुर** | गोविंदपुर रावण दहन समिति की एक बैठक बुधवार को हुई. जिसमें पिछले वर्ष की कमिटी को भंग कर नयी कमिटी का गठन किया गया नयी कमेटी में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को मुख्य संरक्षक, राधेश्याम सिंह को मुख्य संस्थापक, श्याम किशोर सिंह को संरक्षक, चंद्रशेखर सिंह को अध्यक्ष और कमलेश सिंह को महासचिव बनाया गया. इसके अलावा, ललन शाह, भारत भूषण, विजय यादव, डॉ. रोशन झा, और रमन झा को संरक्षक के रूप में शामिल किया गया है, जबकि अशोक सिंह और बलराम प्रताप सिंह को सलाहकार की भूमिका दी गई है. इस बैठक में कमेटी के अन्य सदस्यों में कामेश्वर पांडे, जुगनू वर्मा, अविनाश, धीरज सिंह, अवधेश शाह, भूषण दीक्षित, जय नारायण सिंह, अमर बहादुर, उपेंद्र कुमार, उदय सिंह और जय कुमार शामिल हुए. मालूम हो कि छोटा गोविंदपुर में 2007 से लगातार रावण दहन का आयोजन हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### भारत बंद का कोडरमा जिले में दिखा असर

**कोडरमा ।** एससी-एसटी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विरोध में बुधवार को आहूत भारत बंद का असर कोडरमा जिले में देखा गया. सुबह से विभिन्न संगठनों से जुडे बंद समर्थकों ने सड़कों पर उतर कर जगह-जगह धरना प्रदर्शन किया और रोड जाम कर दिया. बंद के समर्थन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता भी सड़क पर उतरे. इस दौरान वाहनों का परिचालन पूरी तरह से ठप है. बस स्टैंड से लंबी दूरी की गाड़ियां नहीं चलीं. इसकी वजह से यात्रियों को वापस अपने घर लौटना पड़ा. राष्ट्रव्यापी बंद के कारण जिले के बाजार आंशिक रूप से खुले. निजी शिक्षा संस्थानों व अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में भी ताले लटके रहे.

### डे नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट 27 से, भाग लेंगी 32 टीमें

**चौपारण ।** प्रखंड की बेलाही पंचायत में आगामी 27 अगस्त से डे नाइट फ़ुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ होगा. उद्घाटन हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल और पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव करेंगे. मुखिया और आयोजन कमिटी के अध्यक्ष मंटू सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट में 32 टीमें भाग ले रही हैं. टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर आयोजक कमिटी के संरक्षक सुधीर कौशल, कपिलदेव यादव, मनोज यादव, मधु यादव दयानंद शर्मा अध्यक्ष मंटू सिंह, सचिव पंचायत समिति सदस्य विकास रजक, कोषाध्यक्ष विकास यादव, राजदेव यादव, टीम मैनेजमेंट भोला यादव, धर्मेंद्र शर्मा आदि दिन रात मेहनत कर रहे हैं.

### हजारीबाग-रामगढ़ में भारत बंद का व्यापक असर, थमे वाहनों के पहिये, उमस भरी गर्मी में यात्रियों का हुआ बुरा हाल

# शिक्षण संस्थानों, कार्यालयों व बाजारों में सन्नाटा

## प्रदर्शनकारियों ने की संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा की मांग

**खास बातें**

- भारत बंद का प्रखंडों में भी रहा असर, दुकानें रहीं बंद
- यात्री रहे परेशान, बैंकों में भी देखा गया बंद का प्रभाव

**संवाददाता । हजारीबाग/रामगढ़**



भारत बंद के दौरान सड़क पर बैठकर नारेबाजी करते बंद समर्थक व विभिन्न संगठनों के लोग.

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण में क्रीमीलेयर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के विरोध में बुधवार को विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित देशव्यापी बंद का व्यापक असर हजारीबाग और रामगढ़ जिले में भी दिखाई दिया. झामुमो, भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी जैसे अनेक राजनीतिक दलों ने इस बंद का समर्थन किया. हजारीबाग शहर में प्रदर्शन के दौरान सभी दुकानों, स्कूलों और कॉलेजों की पूर्ण बंदी देखी गई.

वहीं जिले के विष्णुगढ़, केरेडाडी, कटकमसांडी चौपारण कटकमदाग, दारू झुमरा, चरही, चुरचु, पदमा, बड़कागांव आदि प्रखंडों में भी भारत बंद का असर देखा गया. इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने एकजुट होकर अपने संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा की मांग की. स्थानीय नेताओं ने सरकार से अपील की कि वे इस मुद्दे पर आपात बैठक का आयोजन करें ताकि उचित समाधान निकाला जा सके. विष्णुगढ़ में महेंद्र राम की अगुवाई में भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने सुबह से स्थानीय सात मील चौक को जाम कर दिया. इसकी वजह से सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गयीं. इस दौरान उमस और गर्मी के कारण यात्रियों का बुरा हाल था. खासकर महिलाएं और बच्चे ज्यादा बेहाल थे. इस चौराहे से होकर रांची, हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद और बोकारो जाने वाले माल वाहक और यात्री वाहन गुजरते हैं. दिन के लगभग बारह बजे जाम हटने के बाद फंसे वाहन अपने-अपने गंतव्य के लिए निकले. बंद का असर सरकारी कार्यालयों तथा अन्य प्रतिष्ठानों पर व्यापक रूप से देखा गया.

प्रखंड व अंचल कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा. इन कार्यालयों के ज्यादातर बाबुओं के आशियाने हजारीबाग शहर में हैं. बीडीओ एवं सीओ को छोड़ दें तो अनुसेवक तक यहां नहीं रहते. बैंकों का हाल भी यही है. भारत बंद को लेकर आवागमन पर लगी रोक की वजह से बैंकों पर भी इसका प्रभाव देखा गया. कर रहे थे.

**भारत बंद के दौरान सड़कों पर वाहनों की आवाजाही को प्रदर्शनकारियों ने रोका, जिससे लोग परेशान हुए**



## रामगढ़ पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा

वहीं रामगढ़ में भी भारत बंद का व्यापक असर असर देखा गया. भुरकुंडा कोयलांचल सहित जिले भर में विभिन्न संगठनों के लोग सड़क पर उतरे और बंद कराते हुए विरोध प्रदर्शन किया. भुरकुंडा के मतकमा चौक पर बड़ी संख्या में बंद समर्थक सड़क पर उतरे और रामगढ़-पतरातू फोरलेन सड़क जाम कर दी.

बंद समर्थक रामगढ़ के सुभाष चौक, पटेल चौक, कोठार ब्रिज, चितरपुर ब्रिज, गोला डीवीसी चौक, नया मोड़ कुजू, मांडू, दो नंबर गेट बरकाकाना, मतकम्मा चौक, पतरातु सहित केदला में सड़क जाम करते हुए यातायात को बाधित कर दिया. इससे एनएच 23 और एनएच 33 पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन ठप रहा. इधर, भुरकुंडा बाजार और रामगढ़ शहर सहित जिले के कई हिस्सों में अधिकतर दुकानें स्वतः बंद रहीं.



भारत बंद के दौरान नारेबाजी करते बंद समर्थक संगठनों के लोग.

बंद समर्थकों ने बाजार सहित मुख्य मार्गों पर मोटरसाइकिल जुलूस निकाला और छिटपुट खुली हुई दुकानों को भी बंद कराते देखे गए. इस दौरान बंद समर्थकों ने वर्गीकरण प्रस्ताव के विरोध में नारेबाजी की. हालांकि सीसीएल में प्रोडक्शन कार्य सामान्य रूप से जारी रहा, लेकिन कोयले का संप्रेषण पूरी तरह से ठप रहा. कई पेट्रोल पंपों पर सन्नाटा पसरा रहा. बंद के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा. एसपी अजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, पतरातु एसडीपीओ वीरेंद्र राम सहित जिले के कई दारोगा सदलबल मुस्तैद रहे.

---

### आम सभा में 166.57 एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र मिला

# चंद्रगुप्त ओसीपी परियोजना के चालू होने का रास्ता हुआ साफ

**संवाददाता । केरेडारी**



पचड़ा पंचायत के ग्राम सिझुआ में हुई आम सभा में उपस्थित लोग.

सीसीएल के प्रस्तावित चंद्रगुप्त ओसीपी परियोजना अंतर्गत आने वाली पचड़ा पंचायत के ग्राम सिझुआ के रमणी टांड में बुधवार को ग्रामीणों की आम सभा आयोजित की गई, जिसमें वन भूमि/ गैरमजरूआ जंगल झाड़ी की 166.57 एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिये सीसीएल को अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रदान किया गया. इससे चंद्रगुप्त ओसीपी परियोजना के चालू होने का रास्ता साफ हो गया है. अंचलाधिकारी के निर्देश पर हुई आम सभा की अध्यक्षता पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव ने की, जबकि संचालन अंचल निरीक्षक मो शमीम ने किया. आम सभा में चंद्रगुप्त परियोजना के प्रोजेक्ट ऑफिसर सुभाष गुप्ता, ग्रामीणों में वन समिति के अध्यक्ष अमेरिका राम, वार्ड सदस्य छोटन पासवान, मिथुन पासवान, बिनोद दास, दीपक पासवान, फुनेश्वर रजक, छोटेलाल कुमार, कृष्ण कांत कुमार, चंचला देवी, पुष्पा देवी, कौशल्या देवी, अनिता देवी, मंजू देवी, गीता देवी आदि ग्रामीण उपस्थित थे.

# जिपस अनिता सिंह ने बड़कागांव विस क्षेत्र से पेश की अपनी दावेदारी

**संवाददाता । हजारीबाग**

केरेडारी के दक्षिणी क्षेत्र से लगातार दो बार जिला परिषद सदस्य रह चुकी अनिता सिंह ने कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष से मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव में बड़कागांव क्षेत्र से अपनी दावेदारी पेश की. उन्होंने कहा कि पार्टी मुझे मौका देती है तो मैं चुनाव जीत कर क्षेत्र की जनता की सेवा करूंगी. उन्होंने कहा कि मैं केरेडारी दक्षिणी क्षेत्र से दो बार जिला परिषद चुनाव जीतकर 10 वर्षों से लगातार जनता के बीच काम कर रही हूं. आगे भी मौका मिला तो जनता के बीच रहकर सेवा करूंगी.



कांग्रेस जिलाध्यक्ष से मिलती जिला परिषद सदस्य अनिता सिंह.

# ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

- आरोपी के पास से एक वजन करने वाली मशीन, मोबाइल फोन, नीले रंग की अपाची मोटरसाइकिल भी बरामद

**संवाददाता । रामगढ़**



ब्राउन शुगर के साथ की गई गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते एसपी.

रामगढ़ थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को राजा बंग्ला के पास ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. इस संबंध में एसपी अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मादक पदार्थ की तस्करी को लेकर गुप्त सूचना मिली थी. इस पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया. टीम द्वारा राजा बंग्ला के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया. आरोपी रितेश कुमार उर्फ बॉबी, पिता रामलखन मेहता उर्फ मुन्ना, आदर्श नगर, रामगढ़ निवासी को करीब 6 ग्राम ब्राउन शुगर, एक वजन करने वाली मशीन, एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल एवं एक नीले रंग की अपाची मोटरसाइकिल के साथ रितेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है. आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, परमेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी सौरभ ठाकुर, पुअनि बीरबल हेम्ब्रम, पुअनि सुमंत राय आदि शामिल थे.

---

### अबुआ आवास योजना को लेकर हुई बैठक

# डीसी ने लाभुकों को तीव्र गति से भुगतान करने का दिया निर्देश

**संवाददाता । रामगढ़**



चंदन कुमार, उपायुक्त, रामगढ़

अबुआ आवास योजना के तहत चल रहे कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया. इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों को द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि के भुगतान की प्रखंडवार समीक्षा करते हुए तीव्र गति से लाभुकों को राशि का भुगतान करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया.

मौके पर उपायुक्त ने जिन लाभुकों द्वारा राशि के भुगतान के उपरांत भी निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है उन्हें नोटिस भेजने सहित किए जाने वाले अन्य कार्रवाइयों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए. वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत प्रखंडों को अबुआ आवास योजना के तहत उपलब्ध कराए गए लक्ष्य के विरुद्ध अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को शत प्रतिशत लाभुकों का पंजीकरण कराने का कार्य त्वरित रूप से पूर्ण करते हुए आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे.

### सांसद खेल महोत्सव- 2024 : उद्घाटन मैच गोला बनाम नवाडीह टीम के बीच खेला गया

# नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रथम चरण शुरू

**संवाददाता । रामगढ़**



नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के प्रथम चरण के शुभारंभ अवसर पर ट्रॉफियों के साथ आयोजनकर्ता और खिलाड़ी.

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के पांचों विधानसभा क्षेत्र के सभी 22 प्रखंडों में "सांसद खेल महोत्सव- 2024" के आयोजन के संकल्प तहत बुधवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड स्थित पूरबडीह मैदान में सांसद खेल महोत्सव- 2024" का विधिवत आगाज़ हुआ. नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के प्रथम चरण का उद्घाटन रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के युवा भाजपा नेता राजीव जायसवाल, गोला भाजपा मंडल अध्यक्ष बबलू साव, समाजसेवी आनंद प्रकाश, बंटी तिवारी ने सामूहिक रूप से किया. इस दौरान मैदान में रंग- बिरंगे नमो जर्सी से लैस विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों ने मशाल के साथ मार्च पास्ट भी किया. टूर्नामेंट में गोला प्रखंड क्षेत्र की कुल 36 टीमों ने भाग लिया है. सभी खिलाड़ियों को सांसद की ओर से नमो जर्सी और हर एक टीम को फुटबॉल भेंट किया गया. सांसद द्वारा टूर्नामेंट की विजेता टीम को नकद 25 हजार रुपये की राशि के साथ ट्रॉफी और उपविजेता टीम को नकद 15 हज़ार रुपये के साथ ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी. मौके पर राजीव जायसवाल ने बताया कि सांसद मनीष जायसवाल की यह पहल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेटफार्म प्रदान कर उन्हें मंजिल तक पहुंचने में मिल का पत्थर साबित होगा.

**उद्घाटन मैच में गोला ने नवाडीह को 4-1 से हराया**

टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच गोला बनाम नवाडीह के टीम के बीच खेला गया, जिसमें गोला की टीम 4– 1 गोल से विजय घोषित हुई . निर्णायक की भूमिका में रेफरी उत्तम कुमार, सुरेश कुमार दास, चंद्रमोहन कुमार और प्रकाश कुमार रहे . उद्घोषक की भूमिका जितेंद्र कुमार ने निभाई . टूर्नामेंट के आयोजन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, महेंद्र प्रसाद, मंशु बेदिया, सुरेंद्र करमाली, प्रीतम झा, सचिव विकास मणि पाठक, सह– सचिव जितेंद्र कुमार महतो, सुभाष रजवार, प्रवेशकर्ता बबलू साव, मोहन महतो, संरक्षक विजय ओझा, मनोज महतो, हरीश बर्मन, रवि हाजरा, सचिन कुमार, प्रमोद रजवार, रंजीत करमाली, अविनाश महतो, कोषाध्यक्ष सूरज वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी उज्ज्वल चक्रवर्ती शामिल रहे .

# समाजसेवी नीरज ने अज्ञात शवों का किया अंतिम संस्कार

**संवाददाता । हजारीबाग**

जिले में लावारिस और अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार करने वाली संस्था मुक्तिधाम सेवा संस्थान की ओर से सचिव नीरज कुमार बुधवार को चार अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार उनके धर्म के मुताबिक कराया. इसको लेकर सचिव नीरज कुमार ने बताया कि विगत 12 एवं 13 अगस्त को जिले के बरही थाने की पुलिस ने उन्हें दो अज्ञात शव पहचान होने तक सुरक्षित रखने एवं उसके उपरांत उनका अंतिम संस्कार कर देने के लिए सौंपा था. वहीं 14 अगस्त को चौपारण थाने की पुलिस ने भी एक अज्ञात शव मुक्तिधाम सेवा संस्थान को सौंपा, जबकि एक शव विगत 15 अगस्त को मेडिकल कालेज अस्पताल से प्राप्त हुआ था. सभी शवों को प्रावधानों के मुताबिक कई दिनों तक मेडिकल कालेज अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस के मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया, लेकिन समय बीत जाने के बाद भी शवों की पहचान नहीं हो पाई. मौके पर नीरज कुमार ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के लिए मरने के उपरांत अंतिम संस्कार को सभी धर्मों में अनिवार्य बताया गया है. ऐसे में किसी भी अज्ञात व्यक्ति के शव का अंतिम संस्कार करने से मुझे आत्मिक शांति का अनुभव होता है.



---

**कार्यक्रम**

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

# मिस फेयरवेल बनीं अंजू, अनुज को मिस्टर फेयरवेल का ताज

**संवाददाता । हजारीबाग**



आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थी व अन्य.


आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में बुधवार को बीएससी व एमएससी के अंतिम सेमेस्टर में उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया. कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई.

मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने विद्यार्थियों से मुखातिब होते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में जो शिक्षा आपने ग्रहण किया और व्यावहारिक तौर पर एक बेहतर इंसान बनने की जो कला विश्वविद्यालय में बताई गई, मुझे उम्मीद है कि उसे आप सब अपने जीवन में अपनाने की कोशिश करेंगे. इससे न केवल हमारा समाज बल्कि देश पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा. डीन एडमिन डॉ एसआर रथ ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और जीवन में सफल व्यक्ति बनने के साथ साथ नेक इंसान बनने की भी सलाह दी. डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा ने शिक्षा को एक ऐसी रोशनी बताया जो जीवन के अंधकार को मिटाने में मददगार है. वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार ने भी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की.

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोहा**

विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग की तनिष्का कुमारी, अंकित, कैलाश सहित अलग–अलग सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसे मौजूद लोगों ने काफी सराहा . नेहा के नृत्य ने जहां लोगों का मन मोह लिया, वहीं ओम के नृत्य से कई पांव खुद–ब–खुद थिरकने लगे . इस बीच अंतिम सेमेस्टर में उत्तीर्ण होने वाले प्रेमचंद कुमार, अंजु कुमारी, अनुज कुमार, पूजा कुमारी सहित अन्य विद्यार्थियों ने अपने अनुभव भी साझा किए . संचालन हेरा फातिमा व अंकित कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापिका नेहा सिन्हा ने किया . कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान विभाग की एचओडी सबीता कुमारी, कार्यक्रम के समन्वयक मुकेश कुमार, सह समन्वयक राहुल राजवार, विशाखा बाला आदि का अहम योगदान रहा .

# जेबीकेएसएस/जेएलकेएम ने किया ग्रामीणों के साथ संवाद



जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों से धरना-प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह किया.

**संवाददाता । रामगढ़**

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा जेबीकेएसएस/जेएलकेएम जिला कमिटी रामगढ़ द्वारा नगर परिषद कार्यालय के समक्ष विभिन्न मांगों व भ्रष्टाचार पर लगाम को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाना है. इसको लेकर ग्राम छतर मांडू के महलीचंडी में ग्रामीणों से जनसंपर्क कर उन्हें कार्यक्रम में आने के लिए आग्रह किया गया. मौके पर दिनेश मुंडा, नरेश मुंडा, धनी मुंडा, अजय मुंडा, जानकी मुंडा, धुपनाथ मुंडा, गीता देवी, मिला देवी, सोनी देवी, उर्मिला देवी, मंचू देवी, खुलासों देवी, मूर्ति देवी, पश्चिमी देवी, रेखा देवी, सुमित्रा देवी आदि ने कहा कि आने वाले समय में जयराम महतो झारखंड के मुख्यमंत्री होंगे.

## बंदगांव : जिप सदस्य ने डीसी को सौंपा मांगपत्र



चाईबासा में उपायुक्त कुलदीप चौधरी को मांगपत्र सौंपती जिला परिषद की सदस्य बंसती पूर्ति

**चक्रधरपुर ।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव प्रखंड की भालुपानी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय नवादा में छह कमरों के भवन का नवनिर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 56 लाख की लागत से पूरा किया जाना था. लेकिन ठेकेदार द्वारा अब तक कार्य को पूरा नहीं किया गया है. इसे लेकर बुधवार को बंदगांव भाग दो की जिला परिषद सदस्य बसंती पूर्ति ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया. साथ ही कार्य अधूरा रहने पर नाराजगी जताई. उन्होंने कहा कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण ही विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है. नवादा स्कूल में कुल वोटर्स 1223 हैं. नवादा मतदान केंद्र छोटा दामूडीह में स्थानांतरित होने के कारण लोकसभा चुनाव में कुल वोटिंग 368 हुई. इसे लेकर बुधवार को जिप सदस्य ने पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त को मांगपत्र भी सौंपा. साथ ही मामले की जांच कर विद्यालय भवन निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने व बूथ स्थान्तरण कराने की मांग की.

## ब्रीफ खबरें

### चक्रधरपुर : वज्रपात की चपेट में आने से एक किसान की मौत

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के केरा पंचायत के बाईपीड़ गांव में बुधवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई. बताया जाता है कि केरा गांव निवासी 60 वर्षीय जगदीश प्रधान अपने खेत में काम कर रहे थे. इसी दौरान बारिश के बीच वज्रपात हो गई. इससे खेत में काम कर रहे जगदीश प्रधान वज्रपात की चपेट में आ गये. वे खेत में ही गिर पड़े. ग्रामीणों की नजर जब जगदीश प्रधान पर पड़ी तो उसे उठाकर चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल लाया गया. वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है.

### समाजसेवी ने छात्राओं के बीच 150 जोड़ी चप्पल किया वितरित

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुरके सोनवा प्रखंड के सोनापोस में संचालित एस्पायर संस्था के आरबीसी सेंटर में समाजसेवी डॉ रीना गोडसोरा मुर्मू ने छात्राओं को 150 जोड़ी चप्पल का वितरण किया. आरबीसी सेंटर में चप्पल मिलने पर छात्राओं ने खुशी जाहिर की. मौके पर उन्होंने छात्राओं से कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की कोशिश करें. इस मौके पर एस्पायर संस्था के प्रखंड समन्वयक कालेश्वर सिंह, एलईपी समाव्यांक स्वीटी किस्पोटा, रैना कुमारी,जगन्नाथ सोरेन के अलावे संस्था के कर्मी व छात्राएं मौजूद थे.

### अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**चक्रधरपुर ।** पश्चिमी सिंहभूम के डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी आशुतोष शेखर के निर्देशानुसार बुधवार को चक्रधरपुर की कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. चक्रधरपुर महिला थाना प्रभारी शशिबाला भेंगरा ने छात्राओं, महिला शिक्षिकाओं तथा कर्मियों को महिलाओं तथा बच्चों से संबंधित कानूनी प्रावधानों, सुरक्षा एवं सुविधाओं से बच्चों तथा शिक्षकों को अवगत कराया गया तथा आवश्यक सावधानियों बरतने की अपील की. मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाएं व छात्राएं मौजूद थीं.

### सड़क दुर्घटना में घायल युवा को त्रिशानु ने पहुंचाया अस्पताल

**चाईबासा ।** सदर प्रखण्ड कार्यालय, चाईबासा के पास बुधवार देर शाम गगन दीप तामसोय नामक युवा जो कि ताम्बो चौक से अपने स्कूटी से कमरहातु घर जा रहा था. इसी क्रम में स्कूटी असंतुलित होने से गगन दीप तामसोय चोटिल हो गया था. जिससे उसके हाथ-पैर में चोट लगी है. उल्लेखित मार्ग से गुजर रहे सामाजिक कार्यकर्ता त्रिशानु राय की नजर गगन दीप तामसोय पर पड़ी तो उन्होंने चोटिल युवा को सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां उसका प्राथमिक उपचार की गई. मौके पर संतोष सिन्हा आदि उपस्थित थे.

## पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में बंद का मिला-जुला असर, पोड़ाहाट अनुमंडल में असरदार, स्वास्थ्य सेवाएं बंद से रहीं मुक्त

# लंबी दूरी की बसें नहीं चलीं, यात्री रहे परेशान

**संवाददाता । चाईबासा**

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के आरक्षण में क्रीमीलेयर को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए सुझाव के विरोध में बुधवार को भारत बंद का असर चाईबासा में देखने को मिला. अधिकतर दुकानें बंद रहीं, कुछ दुकानें बाद में खोली गईं. बंद कराने वाले संगठन ने सरकारी कार्यालयों को भी बंद करने का आह्वान किया था. लेकिन सरकारी कार्यालय पूरी तरह खुले रहे. सामान्य दिनों की तरह कामकाज चला. कुछ स्कूल बंद रहे, लेकिन अधिकतर स्कूल खुले थे. लंबी दूरी की बस नहीं चलीं. इसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. बंद समर्थकों ने सड़क पर उतरकर नारेबाजी करते रहे. पश्चिम सिंहभूम जिला छात्र मोर्चा अध्यक्ष सनातन पिंगुवा ने कहा कि आज पूरे भारत में आदिवासी संगठनों के द्वारा भारत बंद का समर्थन करते हैं. पिंगुवा ने कहा कि एससी/एसटी समुदाय के लोगों को आज तक आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं, निजी संस्थानों में उन्हें आरक्षण की सुविधा नहीं मिलती है और वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 12 करोड़ आदिवासी निवास करते हैं. इनकी जिम्मेदारी कौन लेगा, यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट इस तरह का फैसला को अविलंब आपस ले या फिर से उसपर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है.
इस तरह क् फैसले से आदिवासी समुदायों का अस्तित्व जल, जंगल, जमीन और संविधान में दिए गए अधिकारों को खत्म करने का बहुत बड़ा षड्यंत्र है. इसलिए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा लाई गई कानून पर कोई हस्तक्षेप नहीं कर रहा है. इस तरह का कानून भारत की जनता लिए बुरा साबित होगा.



चाईबासा में बंद कराने निकले बंद समर्थक सड़क जाम कर प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए.

### बसों का परिचालन ठप. यात्री परेशान

चाईबासा के बस स्टैंड से रांची, भुवनेश्वर, पटना, हजारीबाग समेत ओडिशा के कई शहरों के लिए बसें खुलती हैं, लेकिन भारत बंद को देखते हुए सुबह से ही बस का परिचालन पूरी तरह से ठप रहा. उधर, चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन से राउरकेला तक जाने वाले सुबह पैसेंजर ट्रेन को भी रद्द कर दिया गया. सिर्फ एक्सप्रेस ट्रेन का ही परिचालन देखने को मिला. लंबी दूरी की बसों के आलावा अन्य छोटे वाहनों का परिचालन पूरी तरह से बंद रहा. इसके कारण लाखों रुपये का नुकसान हुआ है. शहर में कारोबार भी ठप रहा. बड़ी-बड़ी दुकानें बंद थीं. हालांकि देर शाम तक अधिकतर दुकानों को खोल दिया गया.

### सड़कों पर पुलिस का रहा पहरा

पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस प्रशासन की ओर से भारत बंदी को देखते हुए चौक चौराहों पर पुलिस का पहरा लगा दिया गया था. जगह-जगह पर दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई थी. इसके साथ ही पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया था कि किसी भी तरह का उपद्रव ना हो. इस पर पूरी तरह से नजर बनाए रखें, ताकि सरकारी संपत्ति का नुकसान ना हो. इसके अलावा उपायुक्त ने दंडाधिकारी को भी निर्देश दिया कि वैसे लोगों को चिन्हित करें जो सरकारी संपत्ति को नुकसान करने की फिराक में रहते हैं.

## लौहांचल व सारंडा में भारत बंद रहा बेअसर

**संवाददाता । किरीबुरु**

एससी-एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में 21 अगस्त को भीम सेना द्वारा आहूत 14 घंटे का भारत बंद को थोड़ा भी असर लौहांचल व सारंडा क्षेत्र में देखने को नहीं मिला. किरीबुरु, मेघाहातुबुरु, बड़ाजामदा, गुवा, छोटानागरा आदि क्षेत्रों की तमाम दुकानें, स्कूल, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, खदान आदि आम दिनों की तरह दोपहर 12 बजे तक खुली रहीं. किरीबुरु से सिर्फ लंबी दूरी की यात्री बसों का परिचालन छोड़ सभी गतिविधियां आम दिनों की तरह जारी रहीं. पुलिस प्रशासन को भी इस क्षेत्र में बंद समर्थकों के पीछे अधिक परेशान नहीं होना पड़ा.




भारत बंद के दौरान सड़क किनारे खड़ी बसें.

## समर्थकों ने घूम-घूमकर बंद करवा दीं दुकानें


बुधवार को पोड़ाहाट अनुमंडल की चक्रधरपुर समेत सभी प्रखंडों में व्यापक असर देखा गया. मेडिकल सेवा को छोड़कर सुबह से ही बाजार व दुकानें बंद रहीं. बंद के कारण लंबी दूरी व आसपास क्षेत्र के लिए चलने वाली वाहनों का परिचालन भी ठप रहा. चक्रधरपुर में कुछ दुकानें खुलीं, लेकिन बंद समर्थकों ने उसे बंद करा दिया. हालांकि मेडिकल सेवा चालू रहीं. चक्रधरपुर में झामुमो, कांग्रेस, भीम सेना व आदिवासी हो महासभा के लोग जगह-जगह मोटरसाइकिल से घूमते नजर आये. झामुमो की ओर से चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव के पुत्र सह झामुमो युवा नेता सन्नी उरांव, राहुल आदित्य, प्रदीप महतो, दिनेश जेना, कांग्रेस की ओर से प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह सामड व अन्य मोटरसाइकिल से घूम-घूमकर लोगों से बंद को समर्थन देने की बात कही. वहीं गोईलकेरा प्रखंड के गोईलकेरा बाजार स्थित मुख्य चौक पर बंद समर्थकों ने टायर जलाकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का विरोध किया.



चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन के बाहर विरोध जताते बंद समर्थक.



गोइलकेरा में बंद पड़ा पेट्रोल पंप.



चक्रधरपुर बाटा रोड में बंद दुकानें.



गोइलकेरा में सड़क पर टायर जलाकर विरोध जताते बंद समर्थक.

### सड़क पर टायर जला की नारेबाजी



**चांडिल ।** विभिन्न आदिवासी संगठनों ने बुधवार को भारत बंद का चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में मिला-जुला असर रहा. भारत बंद को सफल बनाने के लिए आदिवासी संगठनों के सदस्य सड़कों पर उतरे और टायर जलाकर आवागमन बाधित किया. इस दौरान चांडिल थाना क्षेत्र के कांदरबेड़ा, चांडिल गोलचक्कर व चौका मोड़ पर एनएच 33 पर और ईचागढ़ प्रखंड के डुमटांड़ मोड़ पर रांगामाटी-सिल्ली सड़क पर टायर जलाकर व नारेबाजी करते हुए भारत बंद को सफल बनाने का आह्वान किया. आदिवासी समाज के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को वापस लेने की मांग करते हुए सड़क पर प्रदर्शन किया.

### युवा महासभा ने किया बंद का समर्थन



**चाईबासा ।** भारत बंद के सर्मथन में आदिवासी हो समाज युवा महासभा की टीम ने चाईबासा के विभिन्न चौक-चौराहों पर बंद का समर्थन किया. राष्ट्रीय अध्यक्ष इपिल सामड के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली. रैली गितिलपी चौक, ताम्बो चौक, बाईपास, बस स्टैंड, मंगलाहाट, बड़ी बाजार, सुपलसाई, पोस्ट ऑफिस चौक, महुलसाई, मयूर चौक और मंगलाहाट आदि जगहों का भ्रमण किया. एसटी-एससी आरक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. एसटी-एससी जिन्दाबाद, आदिवासी एकता जिन्दाबाद, आदिवासी हो समाज युवा महासभा जिन्दाबाद का नारा बुलंद किया.

## सेल ने अवैध रूप से 600 टीपीएच का क्रशर मशीन लगाया है : यादव

### बोलानी ठेका मजदूर संघ का आंदोलन जारी



आंदोलन में शामिल ठेका मजदूर व महिलाएं.

- ठेका मजदूरों को रात्रि पाली भत्ता देने की मांग

**संवाददाता । किरीबुरु**

सेल की बोलानी लौह अयस्क खदान प्रबंधन के खिलाफ बोलानी ठेका मजदूर संघ का 20 अगस्त से जारी अनिश्चितकालीन आंदोलन बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा. इस संबंध में बोलानी ठेका मजदूर संघ के अध्यक्ष कमलापति यादव ने लगातार न्यूज और शुभम संदेश अखबार को बताया कि मुख्य मांगों में बोलानी खदान में नियुक्ति में भेदभाव नहीं कर शत-फीसदी स्थानीय बेरोजगार युवाओं और ठेका मजदूरों को शामिल किया जाये.

खदान में काम करने वाले तमाम ठेका मजदूरों को रात्रि पाली भत्ता, धूल-कण भत्ता, पूरे परिवार को चिकित्सा सुविधा, आवास अथवा आवास भत्ता आदि मांगें शामिल हैं.

इसके अलावे उन्होंने बोलानी प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुये कहा कि बोलानी खदान गेट के बगल में पानपोस से जो फाइन्स मंगाकर स्टॉक किया गया है, जहां 600 टीपीएच का क्रशर मशीन लगाया गया है, वह बिना लीज के अवैध रूप से इस कार्य को संचालित किया जा रहा है. यहां से माल ढुलाई भी नहीं होने दिया जायेगा. इस मामले की जांच के लिए ओडिशा प्रशासन से मांग की जाएगी.

उन्होंने कहा कि यह आंदोलन आगे और तेज होता जायेगा, जब तक कि हमारी मांगें पूरी नहीं हो जाती हैं. इस आंदोलन में अध्यक्ष कमलापति यादव के अलावे महासचिव गोरांगो मुंडा आदि लगभग 250 महिला-पुरुष शामिल थे.

# 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' होगा शुरू : कुलदीप

### 30 अगस्त से 15 सितंबर तक कार्यक्रम में आवेदनों का होगा निष्पादन

**विशेष सहयोगी । चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम जिले में 30 अगस्त से 15 सितंबर तक "आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इस कार्यक्रम के लिए बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम के डीसी कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में समाहणालय में बैठक हुई. इसमें डीसी ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी "आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम आयोजित करने का राज्य सरकार ने निर्णय लिया है. इसके तहत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों को देगी.

डीसी ने कहा कि अभियान के दौरान यह प्रयास रहे कि व्यक्तिगत योजनाओं को प्रतिपूर्णता मोड में लागू किया जाए, ताकि कोई भी अर्हता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे. शिविरों में सरकारी योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुंचाने के लिए विशेष व्यवस्था करें. जिले के सभी पंचायत में कम से कम एक शिविर का आयोजन किया जाएगा तथा संलग्न पंचायत के प्रत्येक गांव/टोला में शिविर तिथि तथा स्थान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाएगा, ताकि शिविर में अधिक से अधिक लोग भाग ले सकें. बैठक में डीसी ने कहा कि शिविर में आम जनों आमजनों की समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किया जाएगा तथा इसका त्वरित निष्पादन भी सुनिश्चित होगा. इस वर्ष मुख्य प्रक्षेत्र के तहत झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हर राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड सहित जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किए जाएंगे. इसके अलावा वैसी योजनाएं जिन्हें राज्य सरकार प्रतिपूर्णता मोड में लागू करने के लिए संकल्पित है, जैसे- सभी प्रकार की पेंशन योजनाएं, आयुष्मान कार्ड का वितरण, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनपट्टा आदि के लिए भी छूटे हुए व्यक्तियों से आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे, ताकि उन्हें भी लाभान्वित किया जा सके.

बैठक में कहा गया कि प्रत्येक शिविर में कल्याण मंच स्थापित किया जाएगा. उसके माध्यम से शिविर में ही लाभुकों के बीच योजनाओं से संबंधित लाभ/परिसंपत्तियों का वितरण होगा. बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनीला खलको, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुधाकर मुंडा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग खुशेंद्र सोनकेशरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ईशा खंडेलवाल सहित अन्य उपस्थित थे.



चाईबासा समाहरणालय में बैठक करते डीसी कुलदीप चौधरी.

## न्यूज अपडेट

### झामुमो ने किरीबुरु-मेघाहातुबुरु में दुकानें बंद कराईं



**किरीबुरु ।** एससी-एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में 21 अगस्त की दोपहर लगभग एक बजे झामुमो कार्यकर्ता किरीबुरु-मेघाहातुबुरु की दुकानों को बंद कराने निकले. इस दौरान दुकानदारों ने दुकानें कुछ घंटों के लिये बंद कर दीं. इससे पहले शहर की तमाम दुकानें खुली रहीं. झामुमो कार्यकर्ताओं ने सिर्फ दुकानों को ही बंद कराने का प्रयास किया. उक्त मांगों को लेकर भीम सेना द्वारा भारत बंद बुलाया गया था.

### बोलानी की महिलाओं ने कैंडल मार्च निकाला



**किरीबुरु ।** बोलानी मे महिला मोर्चा एवं हेल्पिंग हैंड संगठन की महिलाओं ने कोलकाता की महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध मे कैंडल मार्च निकाली. कैंडल मार्च का मंगलवार को बिरसा चौक से रात्रि 8 बजे से आरंभ होकर बोलानी टाउनशिप के विभिन्न चौक चोराहों से होते हुए सेल गेट के निकट बीजू पटनायक प्रतिमा स्थल तक गई. कैंडल मार्च में महिला डाक्टर के हत्यारे को फांसी दो के नारे लगा रही थी.

### महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या के विरोध में कैंडल मार्च



**किरीबुरु ।** कोलकाता की महिला डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में गुवा स्थित विवेक नगर, कच्छी धौड़ा की महिलाओं ने मंगलवार की देर शाम कैंडल मार्च निकाला. इस दौरान महिलाओं ने घटना में शामिल अपराधियों को अविलंब फांसी देने, महिलाओं व बेटियों का शोषण व अत्याचार की घटना पर पूरी तरह से अंकुश लगाने. कैंडल मार्च में दीपा रॉय चौधरी, सोनाली चौबे, सुजाता दास, गोपा रॉय चौधरी, गीता दास आदि शामिल थीं.

**समस्या** छोटानागरा पंचायत के राजाबेड़ा गांव के महिलाएं और पुरुष पूछ रहे

# मुख्यमंत्री जी, क्या दूषित पानी के लिये अलग राज्य की लड़ाई थी?

**संवाददाता । किरीबुरु**

मुख्यमंत्री जी बतायें कि क्या ऐसा ही दूषित लाल पानी पिलाने के लिये अलग झारखंड राज्य बनाया गया था ! अलग झारखंड राज्य हेतु हम ग्रामीणों ने भी लड़ाई लड़ी थी. हमारे पूर्वज व बीच के साथियों ने शहादत दी थी. यह कहना है सारंडा के छोटानागरा पंचायत अन्तर्गत राजाबेड़ा गांव के पुरुष व महिलाओं का. उल्लेखनीय है कि राजाबेड़ा गांव सेल की गुवा खदान एवं टाटा स्टील की विजय-टू खदान से सटा हुआ है.

सेल की गुवा खदान क्षेत्र स्थित रानी चुआं डम्प का बांध टूटने की वजह से खदान का लौहचूर्ण व लाल मिट्टी वर्षा का पानी के तेज बहाव में रानी चुआं नाला के रास्ते जोजोगुटु, राजाबेड़ा, जामकुंडिया आदि गांवों के बगल से गुजरने वाली कोयना नदी में मिलकर इस नदी का पानी को पूरी तरह से लाल व प्रदूषित कर रही है. टाटा स्टील की विजय-टू खदान का चेकडैम भी बीते वर्षों टूट गया था, जिससे लाखों टन फाइन्स बह गया था. वर्षा होने पर बहा फाइन्स व खदान का लाल मिट्टी बहकर विभिन्न प्राकृतिक नालों के माध्यम से तितलीघाट गांव के समीप कोयना नदी के पानी को लाल कर देती है.

दोनों खदानों की लाल मिट्टी व लौह चूर्ण बहकर आने से नदी का पानी खूनी रंग में रंग जाता है. दूसरी तरफ राजाबेड़ा गांव के ग्रामीण इस कोयना नदी का पानी का इस्तेमाल ही पेयजल, खाना बनाने, नहाने, बर्तन व कपड़ा साफ करने के रुप में करते हैं. इनके पास दूसरा कोई विकल्प नहीं है. नदी किनारे चुआं बनाकर उस चुआं से थोड़ा साफ पानी डेगची में भरकर ले जाते व उसे पीते तथा खाना बनाते हैं. राज्य सरकार ने बाईहातु गांव स्थित आसन्न जलापूर्ति योजना के तहत पाइप लाइन बिछाकर राजाबेड़ा गांव के सभी घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की योजना बनायी थी. गांव में पानी पाइप लाइन बिछाकर नल भी लगाया गया, लेकिन ग्रामीणों को आज तक एक बूंद भी पानी इस योजना से नहीं मिला. यह योजना भारी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है. राजाबेड़ा गांव के मुंडा जामदेव चाम्पिया ने कहा कि सरकार व प्रशासन हम ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है, जो दुर्भाग्य की बात है. सेल व टाटा स्टील सरकार को प्रतिवर्ष डीएमएफटी फंड के रुप में सैकड़ों करोड़ रुपये खदानों से प्रभावित गांवों का विकास हेतु दे रही है. लेकिन हमारा राजस्व गांव का अब तक कोई विकास नहीं हुआ. सिर्फ दोनों खदानें हम ग्रामीणों को निरंतर बीमारी देने का कार्य कर रही है.

यहां तक कि बरसात में राजाबेड़ा गांव पूरी तरह से टापू में तब्दील हो जाता है. गांव में जाने हेतु एक नाला पर पुल निर्माण हो रहा था, लेकिन वह भी पिछले डेढ़ वर्षों से अधूरा पड़ा है. एक बार मुख्यमंत्री से लेकर उपायुक्त तक अथवा दोनों खदानों के उच्च अधिकारी ऐसा दूषित लाल पानी पीकर दिखा दें, फिर हम उसके बाद सरकार व प्रशासन से कुछ भी मांग नहीं करेंगे.



तितलीघाट गांव के समीप कोयना नदी का साफ पानी में मिलता खदानों से आने वाला लाल पानी.

## सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना वाहन से होगा प्रचार-प्रसार



प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीसी कुलदीप चौधरी.

- डीसी ने हरी झंडी दिखा कर प्रचार वाहन को किया रवाना

**संवाददाता । चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय परिसर से डीसी कुलदीप चौधरी ने बुधवार को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. वाहन योजना के संबंध में वृहद प्रचार-प्रसार व जिले के बालिकाओं के बीच जागरूकता सुनिश्चित करेगी. प्रचार के लिए तीन वाहन रवाना किये गये हैं. कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा भी मौजूद थे. इस अवसर पर डीसी ने बताया कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड अंतर्गत संचालित किशोरी समृद्धि योजना का मुख्य उद्देश्य बालिका शिक्षा पर जोर, बाल विवाह प्रथा का अंत, महिला सशक्तीकरण एवं किशोरियों को अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने हेतु सक्षम बनाना है. उन्होंने कहा कि योजना अंतर्गत कक्षा 8वीं में 2500, कक्षा 9वीं में 2500, कक्षा 10वीं में 5000, कक्षा 11वीं में 5000, कक्षा 12वीं में 5000 और 18 से 19 वर्ष की आयु की किशोरी को एकमुश्त 20000 रुपये अनुदान देने का प्रावधान निहित है. झारखंड राज्य अंतर्गत संचालित इस योजना से किशोरी शिक्षा को संबल प्रदान किया जा रहा है. इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती सहित अन्य उपस्थित थे.

